www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 September 08, 2013 Shift 1 History Question Paper

# PAPER-II
# HISTORY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : .............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________
(In words)

**S 0 6 1 3**

Time : $1\,^1/_4$ hours]  [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**  Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

prepp
Your Personal Exams Guide

# HISTORY
## Paper-II

**Note :** This paper contains fifty **(50)** objective type questions of two **(2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Consider the following statements about the Harappan civilization :

1 The sites are discovered both from the urban and rural areas.

2 The inscriptions are in different contemporary scripts.

3 The tools and metals provide the idea of the specialised artisans.

4 The dock-yards have been found at Lothal and Dholavira.

Which of the above statements are correct ?

(A) 1 and 2
(B) 1 and 3
(C) 2 and 4
(D) 4 and 2

**2.** Which deities are not referred to in the Rig-veda ?

(A) the gods of natural phenomena like Indra, Agni, Varuna and Mitra.
(B) the goddesses like Ushas and Aditi.
(C) the semi-divine deities such as gandharvas, apsaras and pishachas.
(D) Ganesha and Karttikeya.

**3.** Which one of the following is not contained in the Upanishads ?

(A) Avataravada
(B) Atman
(C) Brahman
(D) Maya

**4.** Which of the following inscriptions makes a reference to Chandragupta Maurya ?

(A) Kandhar inscription of Ashoka
(B) Brahmagiri inscription of Ashoka
(C) Junagadh inscription of Rudradaman I
(D) Maski inscription of Ashoka

**5.** The $5^{th}$ pillar edict says that Ashoka made some living creatures such as parrots, fish, ants, tortoises, etc, inviolable. After which consecration year was it ordered ?

(A) $20^{th}$ year
(B) $26^{th}$ year
(C) $30^{th}$ year
(D) $15^{th}$ year

**6.** Which of the following is not true about the sangam age ?

(A) Its historicity is debatable.
(B) The tamil commentaries of about the $8^{th}$ century AD inform us about the three sangams.
(C) There are references to wars between the Cholas, the Pandyas and the Cheras in its poems.
(D) The exploits of the chiefs are not given in its literature.

**7.** Which of the following does not belong to Jainism ?

(A) Anekantavada
(B) Ganadhara
(C) Patimokkha
(D) Syadvada

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**इतिहास**

**प्रश्नपत्र – II**

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. स्थल नगर तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों से खोजे गए हैं ।
2. अभिलेख विभिन्न समकालीन लिपियों में हैं ।
3. उपकरण और धातुएँ यह दर्शाती हैं कि उस समय विशेषज्ञ शिल्पी थे ।
4. लोथल और धोलावीरा में बन्दरगाह गोदी मिले हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं ?

(A) 1 और 2
(B) 1 और 3
(C) 2 और 4
(D) 4 और 2

**2.** ऋगवेद में किन देवताओं का उल्लेख नहीं मिलता है ?

(A) इन्द्र, अग्नि, वरुण और मित्र जैसी प्राकृतिक प्रक्रियाओं वाले देवता
(B) उषा और अदीति जैसी देवियाँ
(C) अर्ध-दैविक देवी देवता यथा गंधर्व, अप्सरा और पिशाच
(D) गणेश और कार्तिकेय

**3.** निम्नलिखित में से उपनिषदों में कौन सा नहीं है ?

(A) अवतारवाद
(B) आत्मा
(C) ब्रह्म
(D) माया

**4.** निम्नलिखित में से किस शिलालेख में चन्द्रगुप्त मौर्य का नाम आता है ?

(A) अशोक का कंधार शिलालेख ।
(B) अशोक का ब्रह्मगिरि शिलालेख ।
(C) रुद्रदामन प्रथम का जूनागढ़ शिलालेख ।
(D) अशोक का मास्की शिलालेख ।

**5.** पाँचवें स्तम्भ की राजाज्ञा में अशोक ने कुछ जीवों यथा तोते, मछली, चींटी, कछुओं आदि को मारना अलंघ्य घोषित किया । यह आदेश अशोक के राज्याभिषेक के पश्चात किस वर्ष में दिया गया ?

(A) 20वें वर्ष
(B) 26वें वर्ष
(C) 30वें वर्ष
(D) 15वें वर्ष

**6.** निम्नलिखित में से संगम युग के सम्बन्ध में कौन सा कथन सही <u>नहीं</u> है ?

(A) इसकी ऐतिहासिकता विवादास्पद है ।
(B) लगभग आठवीं शताब्दी की तमिल टीकाएँ तीन संगमों के होने की सूचना देती हैं ।
(C) इस युग की कविताओं में चोल, पाण्ड्य तथा चेरों के बीच युद्ध होने के संदर्भ मिलते हैं ।
(D) इसके साहित्य में राजप्रमुखों के पराक्रमों का वर्णन नहीं है ।

**7.** निम्नलिखित में से कौन सा जैनमत से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) अनेकान्तवाद
(B) गणधर
(C) पतिमोख
(D) स्यादवाद

8. Which of the following is the theme of the sculptures of Gandhara art ?
   (A) Presentation of bride to Siddhartha.
   (B) Gift of Jetavana Garden to the Buddha.
   (C) Buddha's parinirvana scene.
   (D) All the above.

9. Which of the following Gupta inscriptions mentions Krishna and Devaki ?
   (A) Allahabad pillar inscription of Samudragupta
   (B) Bhitari pillar inscription of Skandagupta
   (C) Eran stone pillar inscription of Budhagupta
   (D) The Mehrauli iron pillar inscription

10. At which of the following Quinquennial assemblies at Prayaga did Harsha donate almost all his belongings ?
   (A) $5^{th}$
   (B) $6^{th}$
   (C) $7^{th}$
   (D) $8^{th}$

11. What is true about the Kushanas ?
   (A) Their traces have been found in Central Asia.
   (B) They perhaps initiated the practice of appointing two governors simultaneously in the same province.
   (C) The Gandhara art which developed under them not only popularised the Buddha in the anthropomorphic form, but also encouraged the amalgam of Indian and foreign arts.
   (D) All the above.

12. Who has propounded the theory of the beginning of the process of State formation at regional and sub-regional levels during the early mediaeval period ?
   (A) Hermann Kulke
   (B) R.S. Sharma
   (C) B.N. Datta
   (D) D.D. Kosambi

13. Which Gupta inscription records the gift of a village in favour of a Vishnu temple ?
   (A) Allahabad pillar inscription of Samudragupta
   (B) Udayagiri cave inscription of Chandragupta II
   (C) Bilsad pillar inscription of Kumaragupta I
   (D) Bhitari pillar inscription of Skandagupta

14. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R).

   **Assertion (A) :** Rudradaman I repaired the damaged embankment of Sudarshana lake.

   **Reason (R) :** As a good gesture, he neither levied any emergency tax nor demanded the free services of people.

   In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

   **Codes :**
   (A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
   (B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
   (C) (A) is true, but (R) is false.
   (D) (A) is false, but (R) is true.

**8.** निम्नलिखित में से कौन सी गान्धार कला की मूर्तियों की विषय वस्तु है ?

(A) सिद्धार्थ को परिणीता की भेंट ।

(B) बुद्ध को जेतवन उपवन का उपहार ।

(C) बुद्ध के परिनिर्वाण का दृश्य ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

**9.** निम्नांकित कौन से गुप्तकालीन शिलालेख में कृष्ण और देवकी का उल्लेख है ?

(A) समुद्रगुप्त का इलाहाबाद स्तम्भ शिलालेख

(B) स्कन्दगुप्त का भितरी स्तम्भ लेख

(C) बुद्धगुप्त का एरण स्तम्भ शिलालेख

(D) महरौली का लौह स्तम्भ अभिलेख

**10.** हर्ष ने प्रयाग की किस पंचवर्षीय सभा में अपना लगभग सर्वस्व दान कर दिया था ?

(A) पाँचवीं

(B) छठी

(C) सातवीं

(D) आठवीं

**11.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन कुषाणों के बारे में सही है ?

(A) उनके चिह्न मध्य एशिया में पाए गए ।

(B) उन्होंने शायद एक प्रान्त में एक साथ दो गवर्नर नियुक्त करने की प्रथा को आरम्भ किया ।

(C) गांधार कला जो उनके राज्यकाल में विकसित हुई ने बुद्ध के मानवरूप को न केवल लोकप्रिय बनाया अपितु भारतीय और विदेशी कलाओं के संगम को भी प्रोत्साहित किया ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

**12.** इस सिद्धान्त का प्रतिपादक कौन है कि पूर्व मध्यकाल के दौरान क्षेत्रीय एवं उपक्षेत्रीय स्तरों पर राज्य के निर्माण की प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी थी ?

(A) हरमन कुलके

(B) आर.एस. शर्मा

(C) बी.एन. दत्त

(D) डी.डी. कोसाम्बी

**13.** निम्नांकित किस गुप्त अभिलेख में विष्णु मंदिर हेतु एक ग्राम दान दिये जाने का उल्लेख है ?

(A) समुद्रगुप्त का इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख

(B) चन्द्रगुप्त द्वितीय का उदयगिरि गुफा अभिलेख

(C) कुमारगुप्त प्रथम का बिलसद स्तम्भ अभिलेख

(D) स्कन्दगुप्त का भितरी स्तम्भ अभिलेख

**14.** नीचे दो वक्तव्य दिये गए हैं, एक को कथन (A) कहा गया है और दूसरे को कारण (R) :

**कथन (A)** : रूद्रदामन प्रथम ने सुदर्शन झील के क्षतिग्रस्त बाँध की मरम्मत करवाई ।

**कारण (R)** : एक सदकर्म के रूप में, उसने न कोई आपातकालीन कर लगाया और न ही लोगों से बेगार ली ।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही है ?

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

Prepp Your Personal Exam Guide

**15.** Match the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Term)** | **List – II (Meaning)** |
|---|---|
| (a) Jajamani system | (i) Cultivable land |
| (b) Kakini | (ii) Land measurement |
| (c) Kshetra | (iii) Remuneration paid in kind for services |
| (d) Nivartana | (iv) Copper coin |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**16.** Tilak, a Hindu general, served the army of :

(A) Mir Qasim

(B) Mahmud Gaznavi

(C) Mohammad Ghori

(D) Yalduz

**17.** The terms 'Khut', 'Muqaddam' and 'chaudhary' in the Sultanate period referred to :

(A) Big Rajput chiefs

(B) Land Revenue Collectors

(C) The class of rural intermediaries

(D) Officers of the Judicial department

**18.** The water tax collected during Firoz Shah Tughlaq's reign was known as :

(A) Sondhar

(B) Haqq-i-Sharab

(C) Ghari

(D) Charai

**19.** Which of the following travellers has given the graphic picture of sati practiced in the Sultanate period ?

(A) Ibn Battuta

(B) Duarate Barbosa

(C) Abdur Razzaq

(D) A. Nikitin

**20.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Alauddin Khilji decreed that the entire revenue collection from Khalisa in the Doab as well as from Delhi should be in kind.

**Reason (R) :** Alauddin wanted a large amount of grain reserve for Delhi for contingents as well as for price fixation.

In the context of the above two statements, which one of the following codes is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

15. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (शब्द)** | **सूची – II (अर्थ)** |
|---|---|
| (a) जजमानी प्रथा | (i) कृषि योग्य भूमि |
| (b) काकिणी | (ii) भूमि की पैमाइश |
| (c) क्षेत्र | (iii) सेवाओं के बदले उपज के रूप में पारिश्रमिक |
| (d) निवर्तन | (iv) ताम्र मुद्रा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

16. तिलक, एक हिंदू सेनापति, किसकी सैन्य सेवा में था ?

(A) मीर कासिम

(B) महमूद गज़नवी

(C) मोहम्मद गोरी

(D) यलदूज़

17. सल्तनत काल में "खूत", "मुकद्दम" एवं "चौधरी" शब्दों से किसका बोध होता था ?

(A) बड़े राजपूत सरदार

(B) भू-राजस्व संग्रहकर्ता

(C) ग्रामीण मध्यस्थ वर्ग

(D) न्याय विभाग के अधिकारी

18. फीरोजशाह तुगलक के शासनकाल में लिए जाने वाले 'जल कर' को क्या कहा जाता था ?

(A) सोंधर

(B) हक्क-ए-शरब

(C) घरी

(D) चराई

19. सल्तनत काल में सती प्रथा का सजीव चित्र किस यात्री ने प्रस्तुत किया ?

(A) इब्न बतूता

(B) दुराते बारबोसा

(C) अब्दुर रज़्ज़ाक

(D) ए. निकिटिन

20. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है :

**अभिकथन (A) :** अलाउद्दीन खिलजी ने आदेश दिया कि दोआब और दिल्ली की खालिसा भूमि से वसूल किया जाने वाला संपूर्ण राजस्व वस्तु के रूप में होना चाहिए ।

**तर्क (R) :** अलाउद्दीन अपनी सेना के लिए और कीमत निर्धारण के लिए दिल्ली के लिए बड़ा अन्न भंडार चाहता था ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कूट सही है ?

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**21.** In respect of the reign of Sikandar Lodi which one of the following observations is correct ?

(A) Sikandar's love for justice was remarkable and he provided speedy and impartial justice.

(B) He persecuted the Hindus because of his religious intolerance.

(C) Sikandar made Agra his second capital.

(D) All of the above.

**22.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** The process of urbanisation during the sultanate period led to social mobility among craftsmen in the urban centres.

**Reason (R) :** The artisans and craftsmen considered low caste in the Hindu social system, could now live even in the vicinity of the ruling elite.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**23.** '<u>Khair ul Majalis</u>' a sufi <u>malfuzat</u>, is dedicated to which sufi saint ?

(A) Qutbuddin Bakhtiyar Kaki

(B) Nasiruddin Mahmud Chirag-i-Dilli

(C) Muhammad Gesu Daraz

(D) Baba Hayat Qalandar

**24.** The du-aspa sih-aspa was introduced into the Mughal <u>mansabdari</u> system by

(A) Babur

(B) Akbar

(C) Jahangir

(D) Shah Jahan

**25.** The use of tobacco came to northern India during the reign of Akbar and it was popularly used. Seeing its menance, it was banned by :

(A) Emperor Akbar

(B) Emperor Jahangir

(C) Emperor Shah Jahan

(D) Emperor Aurangzeb

**26.** Which of the following is <u>not</u> correctly matched ?

(A) Marco Polo - Portuguese

(B) Pietro Della Valle - Italian

(C) William Hawkins - English

(D) Francois Bernier - French

**27.** Which one of the following terms denotes money changers ?

(A) Ijardars

(B) Patels

(C) Sarrafs

(D) Wajhdars

**28.** Which of the Mughal emperors disapproved of old women taking young husbands and said that "this goes against all modesty" ?

(A) Babur

(B) Akbar

(C) Jahangir

(D) Aurangzeb

21. सिकन्दर लोदी के राज्यकाल से सम्बंधित निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) सिकन्दर का न्याय के प्रति लगाव शानदार था और उसने निष्पक्ष एवं तेजगति से न्याय प्रदान किया ।

(B) उसने अपनी धार्मिक असहिष्णुता के कारण हिंदुओं को दण्डित किया ।

(C) सिकन्दर ने आगरा को अपनी द्वितीय राजधानी बनाया ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

22. नीचे दो कथन दिए गए हैं, प्रथम को अभिकथन (A) और द्वितीय को तर्क (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A) :** सल्तनत काल में नगरीकरण की प्रक्रिया ने शिल्पियों में नगरीय केन्द्रों की ओर सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा दिया ।

**तर्क (R) :** जो कारीगर और शिल्पी हिंदू सामाजिक पद्धति में निम्न समझे जाते थे, वे अब शासकीय अभिजात वर्ग के पड़ोस में रह सकते थे ।

उपरोक्त दो कथनों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

23. 'खैर उल मजलिस' एक सूफी मलफ़ुज़ात किस सूफी फकीर को समर्पित है ?

(A) कुतबुद्दीन बख्तियार काकी

(B) नसीरूद्दीन महमूद चिराग-ए-दिल्ली

(C) मुहम्मद गेसू दराज़

(D) बाबा हय्यात कलन्दर

24. दु-अस्पा सिह-अस्पा को मुगल मनसबदारी व्यवस्था में किसने प्रारम्भ किया ?

(A) बाबर

(B) अकबर

(C) जहाँगीर

(D) शाहजहाँ

25. तम्बाकू का प्रयोग उत्तरी भारत में अकबर के राज्यकाल में प्रारम्भ हुआ एवं व्यापक प्रयोग हुआ । इसके खतरे को भाँपते हुए, इस पर किस शासक द्वारा प्रतिबन्ध लगाया गया ?

(A) बादशाह अकबर

(B) बादशाह जहाँगीर

(C) बादशाह शाहजहाँ

(D) बादशाह औरंगजेब

26. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) मार्को पोलो – पुर्तगाली

(B) पेट्रो डेला वेले – इटालवी

(C) विलियम हॉकिन्स – अंग्रेज

(D) फ्राँको बर्नियर – फ्राँसीसी

27. निम्नलिखित में से कौन से शब्द का अर्थ मुद्रा परिवर्तक (money changer) है ?

(A) इजारेदार

(B) पटेल

(C) सर्राफ

(D) वजहदार

28. निम्नलिखित मुगल बादशाहों में से किसने बूढ़ी औरतों के नौजवानों से विवाह को अस्वीकृत करते हुए कहा "यह सभी प्रकार की शालीनता के विरुद्ध है" ?

(A) बाबर

(B) अकबर

(C) जहाँगीर

(D) औरंगज़ेब

**29.** In which of his works, prince Dara Shikoh compares Islamic sufi concepts with the Hindu philosophical outlook ?

(A) Sakinat-ul Auliya

(B) Qawaid-i-Sultanate-i-Shah Jahan

(C) Majma-ul- Bahrain

(D) Shahnama-i-Munawwar Kalam

**30.** In the context of the conquest of Gujarat and Malwa by the Marathas, which one of the following statements is correct ?

(A) The Maratha claim of chauth and sardeshmukhi was formalized in Gujarat and Malwa.

(B) Subsequently the Maratha claim for chauth and sardeshmukhi was substituted by a demand for the cessation of territory.

(C) The provinces were divided into spheres of influence among the Maratha Sardars.

(D) All of the above.

**31.** The French East India Company was formed for trading with India under the patronage of :

(A) Louis XIII

(B) Louis XIV

(C) Louis XV

(D) Louis XVI

**32.** Who made the following statement after the battle of plassy ?

"Britain must secure the prosperity of India's people before seeking any gain itself. Britain's right to rule India, so its leaders argued, could be made legitimate, but only through just governance."

(A) Warren Hastings

(B) Edmund Burke

(C) Robert Clive

(D) Cornwallis

**33.** Brahmo Samaj has not adopted one of the following as the part of social reform :

(A) Spread of modern education

(B) Infallibility of the vedas

(C) Opposition to idolatery

(D) Rational ethics

**34.** In 1837, Lord Auckland sent Alexander Burnes as an English Ambassador to :

(A) Baluchistan

(B) Sindh

(C) Kabul

(D) Kandhar

**35.** The censorship of the Press Act was passed in

(A) 1773

(B) 1774

(C) 1793

(D) 1799

prepp Your Personal Exam Guide

**29.** शहजादा दारा शिकोह अपनी किस रचना में इस्लामी सूफी अवधारणाओं की तुलना हिंदू दार्शनिक दृष्टिकोण से करता है ?

(A) सकिनात-उल-औलिया

(B) कवायद-ए-सल्तनत-ए-शाहजहाँ

(C) मज़मा-उल बहरेन

(D) शाहनामा-ए-मुनव्वर-कलाम

**30.** मराठों द्वारा गुजरात और मालवा पर विजय प्राप्त करने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) मराठों की चौथ और सरदेशमुखी लेने की परम्परा ने गुजरात और मालवा में औपचारिक रूप धारण कर लिया ।

(B) बाद में मराठों का चौथ और सरदेशमुखी लेने का दावा भू भाग की माँग में बदल गया ।

(C) प्रान्तों को मराठा सरदारों में प्रभाव क्षेत्र के अनुसार विभाजित किया गया ।

(D) उपर्युक्त सभी

**31.** फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना भारत के साथ व्यापार करने के लिए किसके संरक्षण में की गई थी ?

(A) लुइस-XIII

(B) लुइस-XIV

(C) लुइस-XV

(D) लुइस-XVI

**32.** प्लासी की लड़ाई के बाद निम्नलिखित बयान किसने दिया ?
"ब्रिटेन को अपना कोई लाभ उठाने से पूर्व, भारत के लोगों को समृद्ध बनाना होगा । ब्रिटेन का भारत पर राज्य का अधिकार जैसा कि उसके नेताओं का मानना था, वैध हो सकता है लेकिन केवल न्यायिक शासन द्वारा ।"

(A) वारेन हेस्टिंग्ज

(B) एडमण्ड बर्क

(C) राबर्ट क्लाइव

(D) कार्नवालिस

**33.** ब्रह्म समाज ने सामाजिक सुधार कार्यक्रम के रूप में निम्नलिखित में से किसको नहीं अपनाया ?

(A) आधुनिक शिक्षा का प्रसार

(B) वेदों के निभ्रांन्ति का विचार

(C) मूर्तिपूजा का विरोध

(D) युक्तियुक्त नैतिकता

**34.** वर्ष 1837 में लार्ड ऑकलैंड ने अलेक्जेंडर बुर्नीज को निम्नलिखित में से किसमें अंग्रेज राजदूत बनाकर भेजा था ?

(A) बलूचिस्तान

(B) सिंध

(C) काबुल

(D) कंधार

**35.** प्रेस अधिनियम की सेंसर व्यवस्था निम्नलिखित में से किस वर्ष पारित की गई थी ?

(A) 1773

(B) 1774

(C) 1793

(D) 1799

prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** One of the following organisations was not associated with National Education Movement in the early twentieth century.
(A) Bhagabat Chatuspadi of Satischandra Mukherjee
(B) The Saraswat Ayatan of Brahma Bandopadhyay
(C) Santiniketan Ashram of Rabindranath Tagore
(D) Anushilan Samiti of Barindra Kumar Ghosh

**37.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).
**Assertion (A) :** British contemplated different strategies in India. At no time was the British vision of India ever informed by a single coherent set of ideas.
**Reason (R) :** Despite an enduring commitment to the production of knowledge about India, the British made little effort at any time to construct a consistent ideology for their imperial enterprise.
Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :
**Codes :**
(A) (A) is correct, but (R) is false.
(B) (A) is incorrect, but (R) is correct.
(C) Both are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(D) Both are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

**38.** Who became the trend-setter of Modern Telugu literature ?
(A) Rao Bahadur Veeresa Lingam Pentulu
(B) Nanduri Venkata Subbarao
(C) Kokkanda Venkataratnam Pentulu
(D) Garimella Satyanarayana

**39.** On which post Dadabhai Naoroji was appointed in the Baroda State ?
(A) Treasurer
(B) Minister
(C) Dewan
(D) Collector

**40.** Mrs. Annie Besant leader of the Theosophical Society of India was
(A) An English Lady
(B) An American Lady
(C) A European Lady
(D) An Irish Lady

**41.** The Preservation of Ancient Monuments Act was passed during the time of
(A) Lord Curzon
(B) Elgin II
(C) Lord Lytton
(D) Lord Ripon

**42.** Match the List – I the annual sessions of Indian National Congress with List – II its President in that session :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Lucknow Session of 1916 | (i) Hakim Ajmal Khan |
| (b) Delhi Session of 1918 | (ii) C.R. Das |
| (c) Ahmedabad Session of 1920 | (iii) Madan Mohan Malaviya |
| (d) Gaya Session of 1922 | (iv) Ambika Charan Mazumdar |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** निम्नलिखित में से वह एक संस्था कौन सी थी जो बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में राष्ट्रीय शिक्षा आन्दोलन से सम्बंधित नहीं थी ?

(A) सतीशचन्द्र मुखर्जी भगबत चतुष्पदी

(B) ब्रह्म बन्दोपाध्याय सारस्वत आयतन

(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर का शान्ति निकेतन आश्रम

(D) बरीन्द्र कुमार घोष की अनुशीलन अनुष्ठान समिति

**37.** नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । प्रथम को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** अंग्रेजों ने भारत में भिन्न रणनीतियों पर विचार किया । किसी भी समय भारत के प्रति उनकी दृष्टि किसी सुसंगत विचारों के एकल समूह से ज्ञात नहीं थी ।

**तर्क (R) :** भारत के बारे में ज्ञान उत्पादन के अपने चिर संकल्प के बावजूद, अंग्रेजों ने किसी भी समय अपने शाही उद्यम के लिए स्पष्ट विचारधारा के लिए कुछ प्रयास किया ।

उपर्युक्त कथनों को पढ़िए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(C) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(D) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

**38.** आधुनिक तेलुगु साहित्य का प्रवृत्ति-प्रतिष्ठापक कौन बना था ?

(A) राय बहादुर वीरेसा लिंगम् पेंटुलु

(B) नंदूरी वेंकट सुब्बाराव

(C) कोक्कण्डा वेंकटरत्नम् पेंटुलु

(D) गरीमेल्ला सत्यनारायण

**39.** दादाभाई नौरोजी को बड़ोदा राज्य में किस पद पर नियुक्त किया गया था ?

(A) खजांची

(B) मंत्री

(C) दीवान

(D) कलेक्टर

**40.** थियोसोफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की प्रमुख श्रीमती एनी बेसेंट थी

(A) एक अंग्रेज महिला

(B) एक अमरिकी महिला

(C) एक यूरोपीय महिला

(D) एक आइरिश महिला

**41.** प्राचीन स्मारक परिरक्षण अधिनियम निम्नलिखित में से किसके शासनकाल में पारित किया गया था ?

(A) लार्ड कर्ज़न

(B) एल्गिन-II

(C) लार्ड लिटन

(D) लार्ड रिपन

**42.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन)** | **सूची – II (अध्यक्ष)** |
|---|---|
| (a) लखनऊ अधिवेशन, 1916 | (i) हकीम अज़मल खान |
| (b) दिल्ली अधिवेशन, 1918 | (ii) सी.आर. दास |
| (c) अहमदाबाद अधिवेशन, 1920 | (iii) मदन मोहन मालवीय |
| (d) गया अधिवेशन, 1922 | (iv) अम्बिका चरण मजूमदार |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Montagu-Chelmsford reforms in 1919 totally disregarded the Lucknow pact.

**Reason (R) :** The defeat of Turkey created the spectre of 'Islam in danger' and started Khilafat movement to mobilise mass support for muslim leadership.

Read the above statements and select the correct answers from the codes given below :

**Codes :**

(A) (A) is correct, but (R) is false.
(B) (A) is incorrect, but (R) is correct.
(C) Both are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(D) Both are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

44. In which year Bhagat Singh, Sukhdev and Rajguru were hanged ?

(A) 1929 (B) 1930
(C) 1931 (D) 1935

45. Feeling of bias is increasing in the historians of the present day because of

(A) increasing communalism in writing
(B) narrow interpretations of datas
(C) regionalism and prejudices in writing
(D) all the above are correct

46. Who among the following stated that "Bad history is not harmless history. It is dangerous. The sentences typed on apparently innocuous keyboards may be sentences of death" ?

(A) E.H. Carr
(B) Eric Hobsbawm
(C) R.G. Collingwood
(D) Marc Bloch

47. Who among the following observed that "the subject matter of history is not a general fact, such as revolution, custom or a culture, nor is it a particular fact such as a war or a great personality, but it is thought." ?

(A) E.H. Carr
(B) R.G. Collingwood
(C) Lord Acton
(D) Ernest Bernheim

48. Who among the following does not belong to the school of subaltern historiography ?

(A) Ranjit Guha
(B) David Arnold
(C) Bipin Chandra
(D) Gyan Pandey

49. The only country which welcomed India's status as a member of nuclear club in 1974 was :

(A) Germany
(B) France
(C) Canada
(D) UK

50. Which of the following characteristics of commonwealth is not correct ?

(A) The commonwealth is neither a federation nor a confederation.
(B) The voluntary character of the commonwealth is proved by the right of the nations to secede.
(C) It has a recognised constitutional organisation.
(D) There is no central authority and division of power among the members.

**43.** नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । प्रथम को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A) :** मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार 1919 ने लखनऊ समझौते की पूरी तरह अवहेलना की ।

**तर्क (R) :** टर्की की पराजय ने इस्लाम के खतरे की पूर्व शंका प्रस्तुत कर दी और मुस्लिम नेतृत्व के प्रति जनसमर्थन जुटाने के लिए खिलाफत आन्दोलन प्रारम्भ किया गया ।

उपर्युक्त कथनों को पढ़िए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**कूट :**

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(C) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।
(D) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

**44.** भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को किस वर्ष फांसी दी गई थी ?

(A) 1929 (B) 1930
(C) 1931 (D) 1935

**45.** आधुनिक इतिहासकारों में पूर्वाग्रह की भावना बढ़ती जा रही है, क्योंकि

(A) लेखन में सम्प्रदायवाद बढ़ता जा रहा है ।
(B) आँकड़ों की संकीर्ण व्याख्या की जा रही है ।
(C) लेखन में क्षेत्रवाद और पूर्वधारणाएँ ।
(D) उपर्युक्त सभी सही हैं ।

**46.** निम्नलिखित में से यह किसने कहा था कि "बुरा इतिहास अहानिकारक इतिहास नहीं है । यह खतरनाक है । स्पष्ट रूप से अहानिकारक की-बोर्ड पर टाइप किया गया वाक्य मृत्यु का वाक्य भी हो सकता है ?

(A) ई.एच. कार
(B) इरिक होब्सबॉम
(C) आर.जी. कोलिंगवुड
(D) मार्क ब्लॉक

**47.** निम्नलिखित में से यह टिप्पणी किसने की थी कि "इतिहास की विषय वस्तु-क्रांति, रीति रिवाज या संस्कृति जैसे सामान्य तथ्य या युद्ध या महान व्यक्तित्व जैसे तथ्य विशेष नहीं है लेकिन यह विचार है ।" ?

(A) ई.एच. कार
(B) आर.जी. कोलिंगवुड
(C) लार्ड एक्टॉन
(D) अर्नेस्ट बेर्नहीम

**48.** निम्नलिखित में से कौन मध्यवर्ती (सब आल्टर्न) इतिहास लेखन की विचारधारा से संबंधित नहीं है ?

(A) रंजीत गुहा
(B) डेविड अर्नोल्ड
(C) बिपिन चंद्रा
(D) ज्ञान पांडेय

**49.** वर्ष 1974 में न्यूक्लियर क्लब के सदस्य के रूप में भारत की स्थिति का स्वागत करने वाला एकमात्र देश था

(A) जर्मनी
(B) फ्रांस
(C) कनाडा
(D) यू.के.

**50.** निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता राष्ट्रमंडल के संबंध में सही नहीं है ?

(A) राष्ट्रमंडल न तो संघ है और न ही परिसंघ ।
(B) राष्ट्रमंडल की स्वैच्छिक विशेषता राष्ट्रों के सदस्य न बने रहने के अधिकार से साबित होती है ।
(C) यह एक मान्यता प्राप्त सांविधिक संगठन है ।
(D) इसकी कोई केंद्रीय सत्ता और सदस्यों में शक्ति का विभाजन नहीं है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide